हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 22 मई 2025


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


12 हाटकर्रा में लगाया गया समाधान शिविर जलसंरक्षण...



12 डिलिवरी बाय का पार्सल और नकदी लूटने वाले लुटेरों ...






**खबर संक्षेप**

### मिट्टी के बर्तन बनाने के बारे में दी जानकारी



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में जिला स्तरीय समर कैम्प 7 मई से चलाया जा रहा है। समर कैम्प में 21 मई को माखन लाल प्रजापति और नारद प्रजापति के द्वारा मिट्टी से बहुत सारी जरूरत के वस्तुएं जैसे दिये, मटका, पानी बॉटल, नादिया बैल, पोला, गमला, गुलदस्ता गमला, गुल्लट, आदि बनाया गया। विद्यार्थियों को भी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सीखा। इस मौके पर एबीओ अंजनी मंडावी, शैलेंद्री मरकाम, मनीष गौतम, डॉ. धनाजु राम नरेटी, हरीश नागराज, राजेश कुर्रे, पंकज निषाद व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### डूबने से युवक ग्रामीण की मौत

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत सरोना निवासी 45 वर्षीय देवेंद्र साहू का पानी में डूबने से मौत हो गई। सरोना निवासी अनिल गजपाल ने पुलिस को बताया कि मृतक 20 मई को पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण ने लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** कोरर थाना क्षेत्र के 70 वर्षीय तुलिया राम जैन ने अपने घर से कुछ ही दूरी पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तालाकुर्रा निवासी विष्णुराम जैन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 19 मई को अपने घर से कुछ दूर गौठान के पास फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी क्यो लगाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**फैसला : भानुप्रतापपुर उपचुनाव के बाद पीजी कालेज में बने स्ट्रांग रूम की घटना**

# 26 राउण्ड गोली चलाकर हवलदार की हत्या करने वाले आरोपी आरक्षक को मिली उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सीएएफ की 11 वीं बटालियन की सी कंपनी के जवान भानुप्रतापपुर

- आरोपी जवान को सरेंडर करवाने में पुलिस के आला अफसरों को कई घंटे करनी पड़ी थी मशक्कत



22 दिसंबर को हुई घटना का हरिभूमि में प्रकाशित समाचार



जवान पुरूषोत्तम राजावत

विधानसभा के उपचुनाव में पीजी कालेज कांकेर के स्ट्रांग रूप में अपने साथियों के साथ तैनात थे। 22 दिसंबर 2022 को जवान पुरूषोत्तम सिंह राजावत ने एक नहीं लगभग 26 राउण्ड गोलियाँ चलाई और काँलेज में दहशत फैला दिया था, जिसमें उसके एक साथी हवलदार सुरेंद्र भगत की मौत हो गई थी। ढाई साल बाद कांकेर के न्यायालय में आरोपी जवान को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। जानकारी के अनुसार सीएएफ की 11 वीं बटालियन की सी कंपनी कांकेर जेल की सुरक्षा में तैनात थी और इस कंपनी का एक हवलदार सुरेंद्र भगत और चार आरक्षक पुरूषोत्तम सिंह राजावत, बृजेश भारद्वाज, कृष्णा यादव, घनश्याम जगत पीजी कालेज में भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में थे। यह कंपनी कांकेर जिला में जेल की सुरक्षा के लिए 1 नवंबर 2019 में सुरक्षा के लिए तैनात थी। रविवार 25 दिसंबर 2022 की सुबह आरोपी पुरूषोत्तम सिंह राजावत ने अपनी सर्विस इंसास रायफल से हवलदार ग्राम पथर्री, थाना बतौली जिला सरगुजा निवासी सुरेंद्र भगत पिता गोविंदराम भगत पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके उपरांत आरोपी जवान ने अपने एक साथी जवान बृजेश भारद्वाज पर भी गोली चलाया, परंतु यह जवान बाल बाल बच गया। आरोपी जवान ने अपनी सर्विस ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### भाई के कहने पर छोड़ी थी रायफल

हवलदार की हत्या करने के बाद आरोपी जवान रायफल छोड़ने को तैयार नहीं था। आरोपी जवान धड़ाधड़ गोली चलाई, जिससे मैगजीन खाली हो गई थी। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा लगातार आरोपी जवान से सरेंडर करने की समझाईश देते रहे, वहीं आरोपी जवान का भाई फोन के माध्यम से समझाया कि तुम्हारें को कुछ नहीं होगा, उसके बाद उसने रायफल छोड़कर सरेंडर किया था। आरोपी जवान को भय था कि पुलिस मुझे गोली मार देगी।

#### न्यायालय में हत्या का बताया यह कारण

न्यायालय में हत्या का कारण यह बताया कि मृतक हवलदार आरोपी को बोला कि तुम ड्यूटी ठीक से नहीं करते हो, हमेशा ड्यूटी के लिए बहाना करते हो, स्वास्थ्य खराब रहता है तो इलाज क्यों नहीं कराते कहकर बहुत चिल्लाने लगा था। हमेशा ड्यूटी के नाम पर टोकाटाकी करता था, जिस कारण आरोपी जवान आवेश में आकर सर्विस रायफल इंसास से हवलदार को गोली मार दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी।

#### उम्रकैद की मिली सजा

मामले की पैरवरी करने वाले शासकीय अधिवक्ता ईश्वर लाल साहू ने मीडिया को बताया कि प्रधान न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव ने साक्ष्य एवं सबूत के आधार पर आरोपी आरक्षक पुरूषोत्तम सिंह राजावत को धारा 302 आईपीसी में आजीवन कारावास एवं 500 रूपएं का अर्थदंड एवं धारा 307 आईपीसी में 7 वर्ष का कारावास एवं 200 रूपएं का अर्थदंड से दंडित किया गया।

## ट्रक की टक्कर से एक लाख पचास हजार का नुकसान, आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




चारामा के कोरर चौक के पास ट्रक की टक्कर से कैश बेरियर, सोलर ब्लिंकर हजार्ड मार्कड, ट्राफिक सिगनल पोल, ट्राफिक लाईट,

- चारामा के कोरर चौक के पास हुआ हादसा

फाउण्डेशन, लोहे के स्टापर 2 नग क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जाँच शुरू किया, जिसमें आरोपी ट्रक चालक ट्रक को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट करने से 1 लाख 50 हजार रूपएं का नुकसान का मामला दर्ज किया गया।

चारामा पुलिस को 17 मई को जानकारी को मिली कि ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 08 एएफ 5472 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाकर चारामा के कोरर चौक राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में बने रोड डिवाईडर को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पहुंची, वहां पर पाया कि चारामा कोरर चौक के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएफ 5472 के चालक महेश्वर भारती के द्वारा लापरवाहीपूर्वक ट्रक वाहन चलाकर एक्सीडेंट कर देने से रोड पर बने डिवाईडर तथा उसमें लगे कैश बेरियर, सोलर ब्लिंकर हजार्ड मार्कड, ट्राफिक सिगनल पोल, ट्राफिक लाईट, फाउण्डेशन, लोहे के स्टापर 2 नग क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसका अनुमानित नुकसान 1 लाख 50 हजार रूपएं है। जांच के दौरान ट्रक सीजी 08 एएफ 5472 के चालक महेश्वर भारती के पूछने पर उसके द्वारा बताया कि 17 मई को आंध्रप्रदेश से रायपुर जाते समय सुबह 6 बजे के अचानक सामने में जानवर आ जाने से उसे बचाते समय एक्सीडेंट हुआ है।

जांच में पाया कि आरोपी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 08 एएफ 5472 के चालक महेश्वर भारती के द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक ट्रक वाहन को चला रहा था। कोरर चौक चारामा के पास सड़क में जानवर आ जाने से जानवर को बचाते समय एक्सीडेंट हुआ, जिसमें डिवाईडर तथा उसमें लगे कैश बेरियर, सोलर ब्लिंकर, हजार्ड मार्कड, ट्राफिक सिगनल ▶▶| शेष पेज 10 पर

## धान बेचने की बात को लेकर सौतेले बेटे ने मां को डंडे से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

घोठा में आरोपी सौतेले बेटे ने अपनी सौतेली मां के ऊपर आरोप लगाया

- महिला ने दर्ज करवाई शिकायत



कि वह धान बेचने कि बात को ग्रामीणों के पास बताती है, जिससे उसकी बेइज्जती होती है। सौतेले बेटे ने आवेश में आकर मां को गाली देते हुए मां के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट की शिकायत हुई मां ने थाना में आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुचे घोठा निवासी कमल कावड़े ने पुलिस को बताया कि मेरे पति के स्वर्गवास होने के बाद से मै अपने घर मे अपने सौतेले बेटे सुनील कावड़े और अनिल कावड़े के साथ रहती हूं। 20 मई की शाम करीबन 5 बजें अनिल कावड़े शराब पीकर घर आया और मुझसे धान बेचने की बात को लेकर वाद विवाद करने लगा। अनिल कहने ▶▶| शेष पेज 10 पर

## इंडियन फाइट स्कूल के खिलाड़ियों ने जीता 3 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल



**कांकेर।** कीक बाक्सिंग एशोविएसन ऑफ छत्तीसगढ़ के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलो से 570 चुने हुए खिलाड़ियो ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जिले से इंडियन फाइट स्कूल के पांच चुनिंदा कीक बाक्सर अवांशी पटेल, रुद्रकक्ष चौबे, अक्षित यादव, आद्यु यादव, युक्ता निषाद ने प्रमुख प्रशिक्षक सिफु अमर पटेल ब्लेक बेल्ट (गोल्ड मेडलिस्ट) के नेतृत्वल मे हिस्सा लिया था। जिसमें 20 किलो वजन वर्ग में अवांशी पटेल गोल्ड मेडल, 23 किलो वजन वर्ग में युक्ता निषाद गोल्ड मेडल, 68 किलो वजन वर्ग में रूद्राक्ष चौबे गोल्ड मेडल एवं 21 किलो वजन वर्ग मे अमित यादव ने सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस सफलता पर इंडियन फाइट स्कूल के प्रमुख तकनिकी निदेशक ▶▶| शेष पेज 10 पर

**प्रदेश के 33 छात्रों में से कांकेर के 21 छात्र टॉपटेन में हुए चयनित**

# राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा के टॉपटेन में कांकेर जिले का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



एनएमएमएसएस परीक्षा में कांकेर जिला रहा प्रदेश में अव्वल, 356 छात्र हुए चयनित

राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रदेश में कांकेर जिला अव्वल रहा, वहीं टापटेन की सूची जारी की गई, जिसमें कांकेर जिले अव्वल रहते हुए 21 छात्रों ने टापटेन में नाम दर्ज कराया। जारी टापटेन की सूची में कांकेर से 21, रायगढ़ से 06, दुर्ग से 04, गरियाबंद से 01 और बेमेतरा से 01 छात्र शामिल है। कांकेर में सबसे ज्यादा अतिसवंदेनशील विकासखंड दुर्गूकोंदल से सबसे अधिक 17 और कोयलीबेड़ा विकासखंड से 04 छात्र है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रदेश में कांकेर जिला अव्वल रहा था, जिले से चयन होने वाले छात्रों का आंकड़ा 356 है। कांकेर के बाद दूसरे नंबर पर रायगढ़, तीसरे नंबर पर दुर्ग, चौथे नंबर पर रायपुर और पांचवे नंबर पर राजनांदगांव जिला आता है। परिणाम के बाद टापटेन की सूची जारी की गई, जिसमें 33 छात्र है, जिसमें 21 छात्र कांकेर जिले के दुर्गूकोंदल और को य ली बे ड़ा विकासखंड से है। टापटेन में दूसरे स्थान पर तीन छात्र शकुंतला, चांदनी नरेटी और लक्ष्मी दुग्गा दुर्गूकोंदल विकासखंड से, तीसरे स्थान पर सच्चिदानंद पुड़ो दुर्गूकोंदल विकासखंड से, चौथे स्थान पर गंगा पुड़ो दुर्गूकोंदल विकासखंड से, पाँचवे स्थान पर टिंकल ठाकुर दुर्गूकोंदल विकासखंड से, छठवें स्थान पर चंदन कुमार गोटा, अनिल कुमार गावड़े दुर्गूकोंदल विकासखंड से और संजना शील कोयलीबेड़ा विकासखंड से, सातवें स्थान पर बवेंद्र दुर्गूकोंदल से और स्नेहा बैरागी एवं पायल मिस्त्री कोयलीबेड़ा विकासखंड से, आठवें स्थान पर अंजेली नरेटी, दुर्गूकोंदल विकासखंड से, नवें स्थान पर मयूर सिंह नागवंशी, अंजली, आकाश, कौशिल्या कवाची दुर्गूकोंदल विकासखंड से और रानी मंडल कोयलीबेड़ा विकासखंड से, दसवें स्थान ▶▶| शेष पेज 10 पर


**नवमीं पुण्यतिथि**



दिनांक 01.06.1948 महाप्रयाण 22.05.2016

**स्व. श्री एम.आर. यादव**

पथ प्रदर्शक को नमन...

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, साहस, मिलनसार, हमारे सदैव प्रेरणा दायक रहेंगें। आपकी पुण्यतिथि पर सभी परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

राजेश यादव (पुत्र), घनश्याम यादव (पुत्र), खगेश्वर यादव (पौत्र), महेश यादव (पौत्र), अविनव यादव (पौत्र), विहान यादव (पौत्र)

देहारी पारा, अंतागढ़, जिला - उ.ब. कांकेर


### चेम्बर्स आफ कामर्स सरोना के चुने गए नए पदाधिकारी



**सारोना।** व्यापारी संघ सरोना ने नए पदाधिकारियों का चुनाव साहू सदन में किया गया, जिसमें अध्यक्ष एवन साहू, उपाध्यक्ष गौतम पटेल, दीपेश सेठिया महामंत्री जितेंद्र हिरवानी, गोविंद साहू, सचिव हरीश गंजीर, सहसचिव हेमंत देवांगन, कोषाध्यक्ष शैलेश गंजीर, मंत्री दिलीप कुंजाम, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र गंजीर, संरक्षक सतीश साहू, सलाहकार डॉ. बीएस साहू, भरत निषाद, रामरतन साहू, राजकुमार सिंहा, किशोर गंजीर नीलेश गोलछा, अखिलेश गंजीर, फैजल मेमन, नीरज फब्यानी, निकु निषाद, सदस्य पप्पु निषाद, सन्नी सोनी, राजेश साहू, विकास सोनी, परदेशी बघेल, राजेश सिन्हा, हेमंत सरोज, राधेश्याम कश्यप, हर्ष डोसी, कुंज लाल साहू,गोलू साहू एवं संघ के व्यापारी उपस्थित रहे।


हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

**माह जून 2025**

**जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट**

नोट : 1 जून से 30 जून तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मई 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

**महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर**




**कार्यालय प्रति**

पाठक का नाम ______ मो.नं. ______

पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______

स्थान ______ जिला ______

एजेंसी का नाम ______

एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि **ग्राहक प्रति** जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ______ मो.नं. ______

पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______

स्थान ______ जिला ______

एजेंसी का नाम ______

एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

## खबर संक्षेप

### टेलीफोन अदालत कम ओपन हाऊस 30 को

**जगदलपुर।** दूरसंचार बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र (जिला कांकेर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा एवं कोण्डागांव) के समस्त उपभोक्ताओं के लिए 30 मई को 11 बजे बीएसएनएल के महाप्रबंधक के कार्यालय में टेलीफोन अदालत कम ओपन हाऊस लगाएगा। अदालत में टेलीफोन संयोजन, वियोजन, स्थानांतरण, खराबी एवं अधिक बिलिंग संबंधी शिकायतें जो तीन माह से अधिक या कम अवधि से लंबित हों तथा जिन पर विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई हों ऐसे प्रकरण लिए जाएंगे। बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक ने बताया कि उपभोक्ता लिखित शिकायत वाणिज्यिक अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से (ऑन द स्पॉट) या डाक द्वारा भेज सकते है। उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण बीएसएनएल सर्किल ऑफिस रायपुर द्वारा किया जाएगा।

### 6 आवेदकों का बना लर्निंग लाइसेंस



**सुकमा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में आयोजित समाधान शिविरों में आम जनता द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का त्वरित और प्रभावी निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत गुफड़ी, सुकमा में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर में लाइसेंस बनवाने संबंधी आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। अधिकारियों ने मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज जमा कर संबंधित आवेदक को राहत प्रदान की। उल्लेखनीय है कि जिले भर में इस तरह के समाधान शिविरों का आयोजन कर समस्याओं को मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को त्वरित लाभ मिले। जिला परिवहन अधिकारी शिव भगत रावटे ने बताया कि सुशासन तिहार के माध्यम से परिवहन विभाग से संबंधित आवेदनों का निराकरण कर, आम लोगों तक सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा हैं। सुशासन तिहार में लाइसेंस बनवाने के लिए कुल 273 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमे से 252 पात्र आवेदकों को आवश्यक कार्यवाही पूरी कर लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया है।

### कुंरदी में समाधान शिविर का हुआ आयोजन, विधायक हुए सम्मलित

# सरकार योजनाओं का कर रही सफल क्रियान्वयन : देव

हारिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के कुंरदी क्लस्टर के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 10 ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया गया। जिसमें ग्राम हल्बा कचोरा, आड़ावाल, नकटी सेमरा, मारकेल, शिवनागुड़ा, कुरंदी, बिलोरी धनियालूर, चिलकुटी,पोडागुड़ा सम्मिलित रहे। शिविर में 9284 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 9284 आवेदनों का निराकरण किया गया है। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए थे। समाधान शिविर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने स्थानीय हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जनसमस्याओं पर त्वरित सुनवाई करने और उनके मांगों को पूरा करने के उद्देश्य से हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर आम जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी पहल साबित हुआ है। देव ने कहा छत्तीसगढ़ शासन सभी वर्गों को जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर रही है। जनता की आवश्यकता के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिलें यह हमारी सरकार की मंशा है। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जागरूक जनसाधारण ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। देव ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया। यह सतत रूप से जारी रहेगी, ताकि ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्या और मांग के लिए तहसील और जिला मुख्यालय तक जाने की जरूरत नहीं हो। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, विद्याशरण तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्यगण एवं मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, जनपद सीईओ अमित भाटिया व सरपंच गण तथा अधिकारी व कर्मचारी व नागरिक उपस्थित थे।

#### समस्याओं का हो रहा निराकरण

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के मुताबिक समाधान शिविर में आम जनता की समस्या-मांगों का त्वरित निराकरण हो रहा है। वहीं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह सुशासन शहर और गांवों के हर व्यक्ति तक पहुंचे, यह सार्थक प्रयास सरकार कर रही है। उन्होंने इस शिविर से सभी को लाभ लेने का आग्रह किया। सभी मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

#### किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण

कार्यक्रम में विभागों के अधिकारियों द्वारा सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण की जानकारी तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान किताब,सामाजिक सहायता पेंशन स्वीकृति आदेश, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण स्वीकृति आदेश और सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

## छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति सादगी मधुरता और परम्परा का प्रतीक



हारिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने अश्लील छत्तीसगढी गाने के विरोध मे पुलिस अधीक्षक के नाम मांगपत्र सौंपा। ज्ञात हो की सोशल मीडिया के माध्यम से पिछले कुछ दिनों से अश्लील छत्तीसगढी भाषा मे गाने वायरल हो रहें थे,जिसके खिलाफ बजरंग के कार्यकर्त्ताओ ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे उक्त गाने के संगीतकार कलाकार एवं जो भी इस गाने के निर्देशक है सभी के खिलाफ कार्यवाही के लिए मांगपत्र देंकर एफआईआर की मांग की है।

- विहिप बजरंगदल ने अश्लील छत्तीसगढ़ी गानों के विरोध में कार्रवाई के लिए सौंपा मांगपत्र

विहिप नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा की छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति सादगी मधुरता और परम्परा का प्रतीक है। मनोरंजन के नाम पर इसकी आत्मा को एवं संस्कृति को धूमिल करना और बदलने का प्रयास करना दुर्भाग्य पूर्ण है। ऐसे गानों पर तुरंत रोक लगनी चाहिए एवं ऐसे निर्देशक एवं कलाकारों पर उचित कार्यवाह होनी चाहिए। बजरंगदल जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी ने कहा की छत्तीसगढ़ को हम सभी महतारी के रूप मे उसकी कला संस्कृति एवं समरसता के लिए पूजा जाता है और यहां के कलाकार भी छतीसगढ़ की लोक कलाओ को पूजनीय मानते है। इस दौरान बजरंगदल जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी,गौ रक्षा प्रमुख विष्णु ठाकुर,बस्तर प्रखंड अध्यक्ष विवेक शुक्ला,नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर, नगर संयोजक भवानी चौहान,काशी चालकी,तमीश नायडू सहित बजरंगी कार्यकर्ता उपस्तिथ थे

#### फूहड़ता बर्दास्त नहीं की जाएगी

एसपी को सौपे मांगपत्र में विहीप-बजरंग दल के पदाधिकारियो ने कहा कि मनोरंजन के नाम पर फूहड़ता बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसे गाने पर तुरंत रोक लगे जिससे समाज मे अश्लीलता परोसी जा रही है। यदि भविष्य मे ऐसे गाने दोबारा बने तो विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ऐसे लोगो के खिलाफ जो छत्तीसगढ़ की संस्कृति को धूमिल करने का कुकृत्य करेंगे उनके खिलाफ उग्र आंदोलन करने एवं कडे कार्यवाही करने मे पीछे नहीं हटेगा।

## जनप्रतिनिधियों ने दिए हितग्राही मूलक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

नगर पंचायत दोरनापाल में वार्ड क्रमांक 4 में स्कूल के पास आज सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों को हितग्राही मूलक सामग्री, प्रमाण पत्र, किसान पुस्तिका और आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई।

- स्वास्थ्य जांच के साथ प्रमाण पत्रों का वितरण
- दोरनापाल में समाधान शिविर का आयोजन




जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाएं आम जनता तक पहुंच रही हैं। उन्होंने जल संरक्षण, बालिका शिक्षा और सामाजिक समानता पर बल दिया और ग्रामीणों को पानी बचाने की शपथ दिलाई। शिविर में हितग्राहियों को क्षतिपूर्ति राशि के तहत चेक वितरण, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, बच्चों को जाति व जन्म प्रमाण पत्र, हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के गोदभराई और बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार भी कराए गए। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और स्वास्थ्य विभाग ने शुगर, बीपी की जांच कर दवाइयां वितरित कीं। समाधान शिविर ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़ते हुए सेवा और सुशासन की मिसाल पेश की।

शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष राधा नायक, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, नगरपालिका अधिकारी हूंगाराम गोंदे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

## संध्याकालीन नियमित योग कक्षा का शुभारंभ

हारिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बुधवार को पतंजलि योग परिवार द्वारा संध्याकालीन नियमित योग कक्षा का शुभारंभ मां भारती के समक्ष पतंजलि योग समिति के प्रदेशाध्यक्ष डॉ मनोज पानाग्राही ने दीप प्रजव्वलन के साथ किया। आज से शुरू हुई संध्याकालीन योग कक्षा के संचालिका रमोला मांडवी व सावित्री पाण्डे को बधाई और शुभकामनाएँ देते डॉ पाणिग्राही ने उन्हें योग साधकों के लिये आदर्श बताया। उन्होंने कहा संध्यकालीन योगकक्षा विशेष कर कामकाजी महिलाओं के उपयोगी सिद्ध होगा। इसमे भाग लेने वाली सभी महिलाओं ने पतंजलि परिवार का आभार माना। डॉ पाणिग्राही के मुताबिक सुबह घरेलू कार्यवश महिलाएं योग में भाग नहीं ले पाती है,उनके लिये शाम की कक्षा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। रमोला माण्डवी व सावित्री पाण्डे के पुरुषार्थ से महिलाओं के लिए योग कक्षा की नगर में यह शाम की * री कक्षा है, महिलाओं ने इसे निरंतर बनाए रखने का संकल्प लेते हुए औरों को जोड़ने का संकल्प दुहराया। इस दौरान पोडियम गार्डन, अर्शिया स्काई अपार्टमेंट में हर्षोल्लास से मनाया पतंजलि निःशुल्क नियमित योग कक्षा का प्रथम वर्षगांठ मनाया गया।

इस अवसर पर मान कोराम, उमेश सोनी, कर्नल ए कर, अशोक कुमार दास, दीपक गुप्ता, उमा वस्त्रकार, रूपा हमपाल, कल्पना वानखेड़े, प्रतिमा दास, सुखबीर कौर, ज्योति एपारी, कैलाश नाथ मेहरोत्रा, नरेंद ऐपारी सहित योग प्रेमी साधक और बच्चे उपस्थित रहे।

## नाली निकासी समस्या को हल करने निर्माण बेहतरीन उपाय : निर्मल

हारिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

गुरु गोविंद सिंह वार्ड के कोटवार पारा मे बुधवार को पीडब्लूडी सभापति निर्मल पाणिग्रही एवं पार्षद संग्राम सिंह राणा की उपस्थिति में वीरेंद्र सिंह ठाकुर घर से किराना स्टोर तक आरसीसी नाली निर्माण 220 मीटर लागत 7 लाख 87 हजार अधो संरचना मद से नाली निर्माण का भूमि पूजन हुआ।

- गुरु गोविंद सिंह वार्ड के कोटवार पारा में आरसीसी नाली निर्माण का भूमि पूजन



यह निर्माण कार्य क्षेत्र की जल निकासी समस्या को हल करने और स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभापति निर्मल पाणिग्रही ने कहा इस कार्य के माध्यम से क्षेत्र में साफ सफाई, जल निकासी और बुनियादी सुविधाओं का स्तर बढ़े जिससे निवासियों को आरामदायक और सुरक्षित वातावरण मिले। पार्षद संग्राम सिंह राणा ने कहा के विधायक किरण सिंह देव की अनुशंसा से एवं महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन में बरसों पुरानी मांग आज पूरा होने जा रहा है। जिसमें वार्ड वासी मे हर्ष व्याप्त है। बारिश होने से पहले पानी की निकासी की समस्या को हल करने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिससे बाढ़ और जल जमाव की समस्या से बचा जा सके।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रमा सवनक, सुरेश कश्यप, राजू बघेल,शिव चरण जॉन, शिवेंद्र ठाकुर,दामू बघेल,देवार्षि समर्थ, अनिल साव, श्री समर्थ, ऋचा सिंह, मनीषा समर्थ, तुलसी सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

## संग्रहालय मानव जीवन के क्रमिक विकास को दिखाता है : पीयूष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के इतिहास एवं मानव विज्ञान और जनजातीय अध्ययनशाला के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तेजी से बदलते समाज में संग्रहालय का भविष्य नाम से आयोजित व्याख्यान में कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं सुप्रिटेंडिंग एंथ्रोपोलॉजिस्ट एवं भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के जगदलपुर कार्यालय प्रमुख डॉ. पीयूष रंजन साहू उपस्थित थे।

- संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में विवि में कार्यक्रम आयोजित



#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन डॉ भेनू ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ भुनेश्वर लाल साहू ने किया। कार्यक्रम में एसोसिएट प्रो डॉ सुकृता तिर्की व डॉ सजीवन कुमार सहित विभिन्न अध्ययनशालाओं के शिक्षक डॉ विष्णु प्रताप सिंह,डॉ रविन्द्र कुमार यादव,डॉ राकेश कुमार खरवार, डॉ गुरप्रीत सिंह,डॉ अनिता कुर्रे, भारती भवानी,शेरसिंह घृतलहरे, नीलम साहू , देवेंद्र यादव, रंजीता पटेल एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बतौर मुख्य वक्ता डॉ पीयूष ने कहा कि संग्रहालय केवल ऐतिहासिक समान रखने और उसे देखने का स्थान नहीं है बल्कि यह मानव विज्ञान से जुड़ा रिसर्च का केंद्र होता है। म्यूजियम में हम मानव के वैज्ञानिक विकास से जुड़े तथ्यों को देख पाते हैं। संग्रहालय को देखकर यह पता लगाया जा सकता है कि मानव समुदाय ने अब तक कितना विकास कर लिया है अथवा उसकी संस्कृति क्या रही है। मनुष्य हर विषय से जुड़ा होता है इसलिए मानव विज्ञानी जब मनुष्य का अध्ययन करते हैं तो उन्हें हर विषय की गहराई का पता चल जाता है। अपने उद्बोधन में डॉ पीयूष ने देश के प्रमुख 15 प्रकार के संग्रहालयों की भी विस्तार से जानकारी दी।

कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि लिटरेचर बेस्ड लर्निंग की तरह विजुअल बेस्ड लर्निंग भी प्रभावी होता है। विजुअल के सहारे समझना आसान होता है। संग्रहालय हमें ज्ञान और रिसर्च के लिए विजुअल उपलब्ध कराने में मदद करते हैं। संग्रहालय के सहारे हमें प्री हिस्ट्री इरा को भी समझने और उसका मूल्यांकन करने में मदद मिलता है। प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि बस्तर संभाग में एक विकसित संग्रहालय की आवश्यकता है और भारत सरकार इस पर तीव्र गति से कार्य कर रही है। मानव विज्ञान अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो स्वपन कुमार कोले ने कहा कि कोई भी देश या राष्ट्र कितना समृद्ध रहा है यह देखने के लिए वहाँ के संग्रहालयों को देखना बहुत जरूरी है। संग्रहालयों को देखकर यह सहज बताया जा सकता है कि उस देश ने कितनी प्रगति की है। विश्वविद्यालय के हर विद्यार्थी को संग्रहालयों का भ्रमण और अवलोकन करना चाहिए। इसके सहारे वे समाज की ओरिजिनलिटी और विलुप्त होते इंडिजेनस कल्चर को जान पाएंगे।

## जून से अगस्त तक का राशन का एकमुश्त किया जाएगा वितरण

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत समस्त राशन कार्डधारियों को माह जून से माह अगस्त 2025 तक पात्रतानुसार एकमुश्त चांवल का वितरण 1 से 30 जून तक किया जाएगा। जिले के प्रत्येक उचित मूल्य दुकानों में चांवल के अतिरिक्त अन्य राशन सामग्री शक्कर, चना, गुड़ एवं नमक का स्टॉक के उपलब्धता के आधार पर माह जून से अगस्त के दौरान प्रति माह पृथक-पृथक आबंटन अनुसार वितरण किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार ई-पॉस मशीन में प्रत्येक माह का चांवल उठाव का हितग्राही को बायोमेट्रिक द्वारा चांवल प्रदाय का अलग-अलग वितरण का रसीद प्रदाय कर राशनकार्ड में एंट्री की जाएगी। भण्डारित चांवल में किसी भी प्रकार का व्यपवर्तन न हो, इसकी निगरानी राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के मैदानी अमले द्वारा किया जाएगा। किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## ब्लॉक सामाजिक अंकेक्षण प्रदाता की मोटर सायकल को ट्रक ने मारी ठोकर, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

ग्राम पंचायत में सोशल आडिट करने का कार्य करने वाले हाराडुला निवासी

- राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर हुआ हादसा





चितरंजन सिन्हा की 21 मई को दोपहर 1 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। आरोपी ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। जानकारी के अनुसार मृतक चितरंजन सिन्हा छग सामाजिक अंकेक्षण ईकाई में कांकेर जिला में ब्लॉक सामाजिक अंकेक्षण प्रदाता के रूप में कार्यरत था। वर्तमान में नरहरपुर विकासखंड में अंकेक्षण का कार्य कर रहे थे। जनपद पंचायत चारामा में 21 मई को दोपहर को मनरेगा शाखा में एक रिपोर्ट को जमा करके नरहरपुर की ओर जाने के लिए मोटर सायकल से निकले थे, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर जैसाकर्रा के पास आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 7681 के चालक ने मृतक की मोटर सायकल को ठोकर मारकर दुर्घटनाग्रस्त कर दिया, जिसमें मोटर सायकल चालक हाराडुला निवासी चितरंजन सिन्हा घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने घायल चितरंजन को चारामा अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव का पंचनामा कर पीएम करवाया। पीएम करवाने के उपरांत शव को परिजनों को सौंपा गया।

## पेज 09 के शेष...

### 26 राउण्ड गोली...

रायफल से लगभग 26 राउण्ड गोली चलाई। गोलियों की आवाज से पूरा कालेज दहल गया था। कालेज परिसर में दूसरे क्षेत्र में बीएसएफ के जवान तैनात थे, जो अलर्ट मोड में आ गए थे।

### ट्रक की टक्कर...

पोल, ट्राफिक लाईट, फाउण्डेशन, लोहे के स्टापर 2 नग क्षतिग्रस्त होने पर धारा 281, 324 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### धान बेचने की...

लगा कि घर के धान को बेचता हूं तो गांव के लोगों को बताती है, मुझे बदनाम करती है। आरोपी सौतेला बेटा मुझे गाली देने लगा, मै उसे गाली देने से मना कि तो वह और भी ज्यादा आवेश मे आकर जान से मार दूंगा कहते हुए पास मे रखे लकड़ी के डंडे से मारपीट करने लगा। डंडे से मारपीट करने से चोट लगने से मै लहुलुहान होकर जमीन पर गिर गई। मैं मदद के लिए चिल्लाई, तब आसपास के लोगो ने बीच बचाव किया। मारपीट के बाद आरोपी सौतेला बेटा भाग गया। सौतेले बेटे के द्वारा मारपीट करने से मेरे सिर, माथा, बांए हाथ की कलाई व पैर में चोट लगा है।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सौतेले बेटे अनिल कावड़े के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### इंडियन फाइट स्कूल...

सिफु डॉ. दुर्गेश अवस्थी, शिवम ठाकुर, मयंक, अमित चौबे, रवि यादव, सतीश यादव सहित खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुऐ इनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

### राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता...

पर संध्या पोटाई, साक्षी, पिंटूराम नेताम दुर्गूकोंदल विकासखंड से है।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि जिले के सात विकासखंड में से केवल दो अतिसंवेदनशील विकासखंड दुर्गूकोंदल से 17 और विकासखंड कोयलीबेड़ा से 4 छात्रों का टापटेन में चयन हुआ है। विकासखंड दुर्गूकोंदल की शिक्षा विभाग की पूरी टीम ने छात्रों की तैयारी को लेकर अलग से मेहनत किया था, जिसका यह परिणाम रहा।

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि



**घाटलोहंगा।** भारतरत्न व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराम बिसाई के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मूली में मनाया गया। इस दौरान बिसाई ने आधुनिक भारत के निर्माता, भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया और उनके कार्यो के बारे में बताया । इस मौके पर जगमोहन बघेल,नित्या चंद्राकर, विजय गोपाल चंद्राकार, राजमन भारती,सोनसिंह बिसाई, हरीबन्धु नाग,मितरनाथ बघेल,मदन सूर्यवंशी,मनीराम बघेल,कमलोचन भद्रे,मनबोध कश्यप, श्रवण बघेल,अरण सेठिया नीतू बघेल व अन्य मौजूद रहे।

### बुडरा पारा तक पहुंचने से कतरा रहा है सुशासन

# दो गांवों के आवागमन में बाधक बन गया है नाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



सुशासन तिहार के बीच बकावंड ब्लॉक की तारेका पंचायत का अनदेखा सच सामने आया है। इस पंचायत के बुडरा पारा के लिए सुशासन तिहार बेमानी हो गया, गांव की समस्याओं के समाधान का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। एक नाला दो बस्तियों के बीच बड़ा बाधक साबित हो रहा है। पुलिया विहीन नाले से त्रस्त ग्रामीण हर साल जंगल काटने को मजबूर हो जाते हैं। काटे गए पेड़ों के लट्ठों से ग्रामीण नाले पर अस्थाई पुल का निर्माणकरते हैं, जिसके दम पर आवागमन होता है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार एक जन-जागरण और समाधान केंद्रित अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के कोने-कोने तक शासन की योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं और आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। स्वयं मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से अचानक विभिन्न जिलों और ब्लॉकों के किसी भी गांव में अचानक उतरकर जमीनी हकीकत का जायजा ले रहे हैं और लापरवाह अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दे रहे हैं कि काम करो या निलंबन के लिए तैयार रहो। इस उजली तस्वीर के बीच बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक की तारेका पंचायत से एक बदरंग तस्वीर भी सामने आई है। तारेका पंचायत एक गंभीर समस्या से जूझ रही है, जो सुशासन तिहार की आत्मा पर सवाल खड़ा करता है।

### आखिर जिम्मेदार चुप क्यों?

यह पंचायत जनपद मुख्यालय बकावंड से लगभग 40-50 किलोमीटर दूर स्थित है, और अंतिम सीमा पर है। इस गांव की सीमा से कोंडागांव जिला व माकड़ी ब्लॉक जुड़ते हैं। घने जंगल और दूरस्थ होने के कारण यहां आने से अधिकारी बचते हैं। इस बीच एक बड़ा सवाल यह उठता है कि सुशासन तिहार जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के आयोजन के बावजूद तारेका पंचायत के बुडरा पारा की बुनियादी समस्याओं का समाधान क्यों नहीं हो पा रहा? क्या यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता भर रह गया है?

### पंचायत प्रतिनिधि मौन

ग्रामीणों ने विशेष रूप से सरपंच पति जोगेंद्र बघेल, उप सरपंच लखमू मंडावी, कोटवार मानकू नेताम, पटेल असमान बघेल, पंच चंद्रा पोयम, लिमबती बघेल, दसाय बघेल आदि का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सब जानते हैं, लेकिन कोई आगे नहीं आ रहा।

### पुलिया के बिना खेती चौपट

तारेका पंचायत की जनसंख्या लगभग 1000 है। पंचायत में चार पारा हैं तलपारा, माझीपारा, ऊपरपारा और हाल ही में विकसित बुडरा पारा। बुडरा पारा जाने के रास्ते में बहने वाले नाले पर पक्का पुलिया नहीं है। यही नहीं, ग्रामीणों के खेत भी इसी पार में हैं, और खेत तक पहुंचने के लिए उन्हें हर साल 10-20 पेड़ काटकर अस्थायी लकड़ी का पुल बनाना पड़ता है।इससे न सिर्फ पर्यावरणीय नुकसान होता है, बल्कि ग्रामीणों की जान और फसल के लिए खतरे की घंटी भी है। बरसात में जब नाले में बाढ़ आ जाती है, तब लकड़ी का पुल बह जाता है और ग्रामीण खेत नहीं जा पाते। इस वर्ष यदि पुलिया का निर्माण नहीं हुआ, तो कई किसान खेती ही नहीं कर पाएंगे। ग्रामीणों के अनुसार कई बार सरपंच, जनपद सदस्य, बस्तर सांसद और विधायक तक से पुलिया निर्माण की मांग की जा चुकी है। सुशासन तिहार के दौरान भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया है। लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। यह विडंबना है कि निर्विरोध रूप से चुने गए सरपंच के नेतृत्व में भी विकास के ऐसे जरूरी काम अटक गए हैं।

## शिकायत लेकर ग्रामीण पहुंचे विधायक कार्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत डिमरापाल के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज के सामने बना दुकान एवं झोपड़ी को हटाये जाने की शिकायत लेकर ग्रामवासी चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के कार्यालय धरमाउर पहुंचकर मुलाकात की। विधायक उनकी समस्या को सुनकर त्वरित कार्यवाही करते हुए उच्च अधिकारी के मुख्य वन संरक्षक को तत्काल फोन के माध्यम से अवगत कराया गया एवं उन्त समस्या को तत्काल निराकरण के लिए उच्च अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान रामचन्द्र, गोविन्द, ठिबरू, महादेव नाग, जोतीराम कश्यप (संरपच डिमरापाल) गोलू, सुकरू बघेल, बलराम कश्यप एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## स्वास्थ्य संयोजकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के बकावंड विकास खंड के स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी एवं पर्यवेक्षकों ने डाटा इन्ट्री का काम नसिंर्ग संवर्ग से कराने पर आपत्ति जताया है एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम को ज्ञापन दिया है। प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ कार्यक्रम व ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने वाल स्वास्थ्य संयोजको से आनलाइन डाटा इन्ट्री कराने पर प्रदेशभर के 5200 स्वास्थ्य केन्द्रों के महिला व पुरुष स्वास्थ्य संयोजक विरोध कर रहे है। प्रदेश के स्वास्थ्य संयोजक ने कहा कि उनकी नियुक्ति नसिंर्ग सेवाए व राष्ट्रीम स्वास्थ्य कार्यक्रमा के कियान्वयन व लोगो तक स्वास्थ्य सुविधां पहुंचाने के लिए हुई है। विभाग के उच्च अधिकारी दबाव पूर्वक आनलाइन डाटा इन्ट्री करवा रहे है इस कारण उनके मूल काम टीकाकरण ओपीडी मलेरिया मुक्त बस्तर हेल्थ एंड वेलनेस संबंधी कार्यक्रम प्रभावित हो रहे है। उच्च अधिकारी ही काम में लापरवाही का आरोप लगाकर कारवाही आदेश प्रसारित कर रहे है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष टारजन गुप्ता ने बताया कि आन लाइन डाटा इन्ट्री का काम दूसरे संवर्ग का है स्वास्थ्य कर्मियो के पास पूर्व में ही कई राष्ट्रीय कार्यक्रमों का बोझ है। संघ के जिला मिडिया प्रभारी दिनेश पराते ने बताया कि ज्ञापन देने के अवसर पर जिला अध्यक्ष स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पंकज सेठिया, ब्लाक अध्यक्ष बकावंड के अंतू भद्रे, राजेन्द्र बघेल, अनिल भारती, मनीब बघेल, किशोर बघेल, मिनकेतन मांझी, पर्यवेक्षक रागिनी मसीह, टिकेश्वरी भद्रे, लोचना कश्यप शामिल रहे।

## विस्थापन नोटिस का वार्डवासियों ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में एनएमडीसी के लीज जमीन पर अनेक वर्षो से वैसे लोगों को अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से वार्ड क्रमांक 12, फाइनोर कैम्प, किरंदुल में 50 वर्षों से अधिक समय से रहने वाले निवासियों को विस्थापित करने के लिए नोटिस नगर पालिका प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए जाने पर वार्डवासियों द्वारा उसका विरोध किया गया। वार्डवासियों ने यह कहकर नोटिस नहीं लिए कि विगत दिनों बैठक में विस्थापन संबंधी सुझाव दिए गए थे जिसके संबंध में कोई भी जानकारी नहीं दी गई। सीधे सीधे नोटिस थमाने की कोशिश की गई जिसका वार्डवासीयो के द्वारा भारी विरोध कि गई साथ ही इस संबंध में नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों को कोई भी जानकारी नहीं दी गई।

वार्डवासियों ने कहा कि इस गंभीर विस्थापन के मुद्दे पर एनएमडीसी एवं प्रशासन जल्दबाजी न करे तथा इतने वर्षों से निवासरत कबीजो के लिए मानवीय आधार पर उचित निर्णय प्रशासनिक अधिकारियों, एनएमडीसी के अधिकारी एवं नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों, वार्ड नंबर 12 के वार्डवासियों के साथ बैठक कर लिया जाए। इस संबंध में सभी वार्डवासियों ने मिलकर किरंदुल नगर पालिका अध्यक्षा रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पार्षद के सजी, राजकुमार सोनी, अनिल मरकाम, नरसिम्हा राव, सुरेश, सागर, अन्नू छतरी एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित थे।



## सेना के सम्मान में निकाला गया सिंदूर यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

शासन के निर्देशानुसार कार्यालय नगर पंचायत कोंटा से भारतीय सेना के सम्मान में सिंदूर यात्रा निकाला गया जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, उपाध्यक्ष पी विजय मंडल, अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी तथा विकास खंड के प्रमुख अधिकारी एसडीएम शाबाब खांन तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी झम्मन लाल साहू के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कायकता मितानिन महिला स्व सहायता समूह एवं कोंटा के गणमान्य नागरिक भाजपा महिला मोर्चा मंडल के पदाधिकारियों ने प्रमुख रूप से सिंदूर यात्रा में शामिल हुए। ज्ञात हो कि भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में निकाले गए इस यात्रा में खास तौर से भारतीय नारी जिंदाबाद व जय जवान जय किसान वंदेमातरम के नारों ने हाथ में तिरंगा लिए ऑपरेशन सिंदूर सेना के साथ राष्ट्र के साथ होने का संदेश दिया। देशभक्ति के जोश और भारतीय सेना के सम्मान से सराबोर इस यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया। रैली कोन्टा के नगर पंचायत से शुरू होकर अटल चौक अम्बेडकर चौक होते हुए शहर में निकली। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष साई रेड्डी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, जिला उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक, जिला मंत्री टी विजेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

## उचित मूल्य की दुकान जर्जर अवस्था में, अधिकारियों का ध्यान नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

वार्ड क्रमांक 16 जोगा पारा में स्थित शा. उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम जो कि 2012-13 में निर्मित हुआ था, पूरी तरह जर्जर अवस्था में हैं। दुकान का प्लास्टर लगभग झड़ गया हैं। सिपेज कि समस्या हैं, जिससे दुकान में सामग्री कि गुणवत्ता प्रभावित हों सकती हैं, दुकान में नमी या किटो के प्रवेश कि संभवना बढ़ गयी हैं। दुकान के खराब हालत के कारण कई वर्षो से इसमें ताला लगा हुआ हैं। पारा के लोगो को अपने दैनिक उपयोग के जरुरत के सामग्री के लिए दूसरे पारा में कई वर्षो में जाना पड़ रहा हैं, शासन प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं हैं। इस सम्बन्ध में वार्ड निवासी कमलू राम मंडावी का कहना हैं कि उचित मूल्य कि दुकान कि समस्या को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। दुकान को ठीक से मरम्मत या नविनकृत करके लोगो को आवश्यक वस्तुए उपलब्ध कराने के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जाना चाहिए। इस सम्बन्ध में वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद धनसिंह नाग से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग के मुख्य अधिकारी कीर्तिक भौतिक,सीएमओ नगरपालिका बचेली , फूड इंस्पेक्टर, गुड्डा साव व वे स्वयं निरक्षण करने जोगा पारा पहुचे थे, एवं खाद्य विभाग अधिकारी ने कुछ महीनों में ही इसके मरम्मत का आश्वासन दिया हैं।

### कांवड़गांव में राशन दुकान का भवन हुआ पूरा

बीजापुर। विकासखंड के सुदूर गांव कावंड़गांव जो ग्राम पंचायत बुरजी के आश्रित गांव है। कांवड़गांव माओवाद प्रभावित गांव था छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत उक्त गांव में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे बुनियादि सुविधाएं उपलब्ध कराने शासकीय योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। कांवड़गांव के 270 राशनकार्ड धारी परिवार पूर्व में 15 किलोमीटर दूर गंगालूर स्थित शासकीय उचित मूल्य के ढुकान से राशन लेने को मजबूर थे। फिर जिला प्रशासन की मदद से उक्त गांव तक ट्रेक्टर के माध्यम से राशन पहुंचाकर ग्रामीणों में वितरण किया जाने लगा। चूकिं गांव में शासकीय राशन दुकान भवन नहीं होने से भंडारण की समस्या बनी रहती थी राशन के समुचित भंडारण एवं सुगमतापूर्वक राशन वितरण हेतु डीएमएफ फंड से राशन दुकान के भवन का निर्माण कराया गया है। भवन अब पूर्ण हो चुकी है और स्वयं के भवन में राशन वितरण होने से ग्रामीणों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## उसूर ब्लॉक के चेरामंगी में लगा समाधान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 21 मई को उसूर ब्लॉक के चेरामंगी में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। उक्त शिविर में आवापल्ली, चिंताकोंटा, मुरदंडा, चेरकडोडी, नुकनपाल, पुसगुड़ी एवं मुरकीनार के ग्रामीण शामिल हुऐ।

- ग्रामीणों के मांग एवं समस्याओं का हुआ निराकरण

समाधान शिविर में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक शासकीय योजनाओं से जुड़ने, योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर में सुधार लाने को कहा जानकी कोरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से वनांचल में बदलाव की बयार आ गई। सुशासन की सरकार से अंतिम व्यक्ति तक अब योजनाएं पहुंच रही है। बीजापुर जिले में शांति, सुरक्षा और विकास की रफ्तार तेज हुई है। वहीं शासन के नीति से हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। शिविर के माध्यम से प्रथम चरण में प्राप्त 969 आवेदनों के विभागवार निराकरण से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास, व्यक्तिगत शौचालय सहित विभिन्न विभागों से लाभान्वित हितग्राहियों को उपस्थित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर में 281 नवीन आवेदन भी प्राप्त हुऐ जिनको निराकरण की प्रक्रिया जारी है।

## बैठक में जागरूकता अभियान चलाने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

जनपद पंचायत बकावंड के समरसता भवन में आज 15 पंचायतों के सरपंचों, सचिवों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य था कि गांवों में 15वें वित्त आयोग के तहत हो रहे निर्माण कार्यों के साथ-साथ व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाए, ताकि ग्रामीणों में इन विकास कार्यों के प्रति अपनापन और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो। बैठक का आयोजन सरपंच संघ के अध्यक्ष श्री रिमाधर बघेल एवं सचिव संघ के अध्यक्ष रमेश ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। उनकी प्रेरणा से सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने-अपने गांवों में केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि गांववासियों को जागरूक कर उन्हें इन कार्यों से जोड़ेंगे।

इस बैठक में सरगीपाल, बाजावंड, पीठापुर, संह कर्मारी, उलनार, बनियागांव, सौतपुर, कोसमी, मोंगरा पाल, कोरता, छापा पदर, नलपावंड, कोलावल सहित कुल 15 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी पंचायतों ने आपसी सहमति से निर्णय लिया कि वे अपनी पंचायतों को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करेंगी। इसके लिए यह जरूरी होगा कि ग्रामीण यह महसूस करें कि यह नाली हमारी है, यह जल व्यवस्था हमारी है, यह आंगनबाड़ी हमारे बच्चों की है। प्रतिनिधियों ने कहा कि इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम, ग्राम सभाएं, चौपाल व दीवार लेखन जैसे माध्यमों से लोगों को जोड़ा जाएगा।

# 156 ग्रामों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लगाए जाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के जनजाति ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं को ग्रामीणों की आवश्यकता अनुसार बेहतर स्वरूप एवं जमीनी क्रियान्वयन को मूर्तरूप देने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत

- 15 से 30 जून तक आयोजित होंगे शिविर
- कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को शिविर के सफल संचालन तथा और ग्रामीणों को योजनाओं से शत-प्रतिशत संतृप्तीकरण करने के दिए निर्देश

दंतेवाड़ा जिले के 156 ग्राम को इस अभियान में शामिल किया गया है।

इनमें विकासखण्ड दंतेवाड़ा के 34, गीदम के 42, कटेकल्याण के 51 एवं कुआकोंडा के 29 शामिल है। इन ब्लॉकों के 156 ग्रामों में शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु समन्वित कार्य योजना बनाकर सभी विभागों ने कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इन गांवों में शासन की विभिन्न योजनाओं से शत-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के लिए 15 जून से 30 जून तक धरती



आबा संतृप्तिकरण शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविर में ग्रामीणों को 17 विभागों की योजनाओं से यथासंभव मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में ग्रामीणों को संबंधित विभागों के योजनाएं जैसे पक्के घर -(प्रधानमंत्री आवास योजना)- ग्रामीण, संपर्क सड़क (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना), जल आपूर्ति-जल जीवन मिशन सामुदायिक नल नल,घरों का विद्युतीकरण, नई सौर ऊर्जा योजना (ऑफ-ग्रिड सोलर), मोबाइल चिकित्सा इकाइयाँ (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, एलपीजी कनेक्शन -(प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना), आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना - पोषण अभियान, 1000 छात्रावास,पोषण वाटिकाएँ - राष्ट्रीय आयुष मिशन, यूएसओएफ भारत नेट,स्किल इंडिया मिशन (मौजूदा योजनाएं) प्रस्ताव, डिजिटल पहल, सतत कृषि को बढ़ावा - कृषि और किसान कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाएं, मछली पालन सहायता - प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना , पशुधन पालन - राष्ट्रीय पशुधन मिशन, क्षमता निर्माण-राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, ट्राइबल होम स्टे- स्वदेश दर्शन और पीएमएएजीवाय से लाभान्वित किया जाएगा।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने 15 जून से लगने वाले संतृप्तिकरण शिविर का बेहतर एवं सुचारू क्रियान्वयन करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। साथ ही धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अपने गांवों के समग्र विकास के लिए ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि इस अभियान के तहत गांव की स्थानीय जरूरतों के हिसाब से विकास योजनाओं को बनाने, उनका संचालन करने और उसमें आने वाली समस्याओं को नियमानुसार सुलझाने के लिए इन शिविरों में ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी जरूरी है। अतरू ग्रामीण जन इन शिविर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होवें।

## छठवीं लिस्ट जारी करने की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थी मिले मंत्री से



**परचनपाल।** सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त 1316 पदों पर जल्द 6वीं लिस्ट जारी करने की मांगो को लेकर डीएड अभ्यर्थी 20 मई को बड़ी संख्या में रायपुर कैबिनेट मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से मिलने पहुचें, उनसे मिलकर अपनी मांगो को रखा। ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ सहायक शिछक भर्ती 2023 का मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक गया था जिसमे कोर्ट ने आदेश पारित किया था बीएड अभ्यर्थियों की जगह योग्य डीएड अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्ति किया जाए। जिसके पश्चात डीएड अभ्यर्थियों की पंचम चरण की कॉउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसमें लगभग 2615 अभ्यर्थियों को केवल 1:1 मे बुलाया गया था जिसमे नॉन डीएड अभ्यर्थी व अपात्र लोगो को भी बिना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के स्कूल अलॉट कर दिया गया जिसके कारण अभी 50 प्रतिशत सीटे रिक्त रह गई हैं, वर्तमान मे रिक्त पदों की संख्या 1316 है, पंचम चरण की कॉउंसलिंग के 2 माह पश्चात भी अब तक विभाग द्वारा इन रिक्त पदों पर 6 वी चरण की लिस्ट जारी नहीं किया जा रहा है न हीं किसी प्रकार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाई जा रही है अभ्यर्थी बार बार विभाग जाकर थक चुके हैं विभाग जाने पर भी अधकारियों द्वारा स्पष्ट और सही जानकारी नहीं दिया जा रहा है बस टालमटोल कर बातो को घुमा दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### समाधान शिविर में मिले 617 आवेदन

**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा में सुशासन तयोहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभागों में अपना-अपना स्टाल लगाया। समाधान शिविर में सबसे पहले मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग एवं विधायक विक्रम उसेंडी के द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात इन सभी अतिथियों का पुल माला से स्वागत किया गया। उपस्थित ग्रामीण एवं आम जनता ने अपने-अपने समस्याओं का आवेदन सांसद व विधायक को अवगत कराते रहे। विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने मंच से अपने-अपने विभागों के आवेदनों की संख्या एवं उसके समाधान की बारी-बारी से जानकारी देते रहे। समाधान शिविर में कुल 617 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में क्षेत्र के 18 पंचायत के सरपंच, पंच, ग्रामीण, महिला व पुरुषों उपस्थित रहे।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** सिकसोड़ थाना क्षेत्र के 24 वर्षीय कमलेश कुमार कुमेटी का इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में 9 अप्रैल को मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## सुशासन तिहार : ज्यादातर आवेदन पीएम आवास, महतारी वंदन के

# हाटकर्रा में लगाया गया समाधान शिविर जलसंरक्षण की ग्रामीणों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

प्रदेश सरकार द्वारा मनाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतिम चरण में जिले के सभी विकासखण्डों के चयनित क्लस्टर ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन समाधान शिविरों का आयोजन कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में भानुप्रतापपुर के हाटकर्रा में लगाया गया, जहां ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

भानुप्रतापपुर के ग्राम हाटकर्रा में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय समाधान शिविर में उपस्थित कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत जिले में 1 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से ज्यादातर आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना सहित पुल-पुलिया, सड़क निर्माण, स्कूल मरम्मत, मोबाइल टावर की स्थापना जैसी मांगों से संबंधित हैं। आवास प्लस प्लस की सर्वे सूची में आवास संबंधी आवेदनों को लिया गया है। साथ ही जिले में 40 से अधिक पुल-पुलियों के निर्माण की स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में माओवाद का लगातार पतन हो रहा है तथा विकास कार्यों में सतत प्रगति आई है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी तथा जिला पंचायत सदस्य झरना ध्रुव, देवेन्द्र टेकाम तथा जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के उपाध्यक्ष निर्मला कावड़े ने भी ग्रामीणों को शासन की लोकहितकारी योजनाओं से जुड़ने का अव्हान किया।





भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम हाटकर्रा में आयोजित समाधान शिविर में कृषि विभाग की ओर से 18 ग्रामीणों को मक्का बीज मिनी किट वितरित किए गए। इसी तरह अतिथियों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 हितग्राहियों को आवास की चाबियाँ सौंपी गईं तथा 06 ग्रामीणों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। राजस्व विभाग द्वारा 27 हितग्राहियों को बी-1 प्रतिलिपि, नक्शा, खसरा एवं पट्टे प्रदान किए गए। इसके अलावा 02 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार सम्पन्न कराया गया और 03 गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट वितरित किए गए। इसी तरह समाज कल्याण विभाग की ओर से एक दिव्यांग को बैशाखी वितरित की गई।

### शिविर में बालक मिहिर ने काटा केक

हाटकर्रा में आयोजित समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बालक मिहिर पुजारी का जन्मदिन मनाया गया। मिहिर ने कलेक्टर, जिला सीईओ तथा मौजूद जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। कलेक्टर एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने मिहिर को केक खिलाकर उसके जन्मदिन की बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ग्रामीणों को दिलाया गया जलसंरक्षण का संकल्प

शिविर के समापन के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों एवं मंचस्थ अतिथियों को जलसंरक्षण का संकल्प दिलाया तथा जल का अपव्यय रोकने, जलसंवंधन के श्रोतों का विकास एवं साफ-सफाई करने तथा जल बचाने संबंधी गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए संकल्प दिलाया।

# भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन का आज पीएम करेंगे वर्चुअल उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भानुप्रतापपुर

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर स्टेशन का पुनर्विकास का कार्य पूर्ण आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करके यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक, सुरक्षित और स्तरीय बनाया गया है। इसमें यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर ध्यान दिया गया। रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक जनसंपर्क अनुभाग शिव प्रसाद ने बताया कि भानुप्रतापपुर का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 8 करोड़ 8 लाख की लागात का कार्य पूर्ण हो चुका है। स्टेशन की सुंदरता, स्वच्छता और यात्री सेवाओं का उच्चतम स्तर सुनिश्चित किया गया है और साथ ही पर्यावरण-अनुकूल तकनीक और बनावट से पुनर्विकसित किया गया है, जिससे इनकी स्थिरता और साज-सज्जा में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पुनर्विकास कार्य दीर्घकालिक विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं, जिससे रेल सेवाओं में वृद्धि के साथ यात्रियों की यात्रा अनुभव को बेहतर बनाया जा सके। अमृत भारत स्टेशन योजन के तहत रेलवे स्टेशनों के बुनियादी ढांचे को न सिर्फ मजबूत कर रहे हैं, बल्कि क्षेत्रीय विकास और आर्थिक वृद्धि में भी सहायक सिद्ध हो रहे हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बने स्टेशन में रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, स्टेशनों की व्यापक भव्यता को दर्शाते हैं।

### भानुप्रतापपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की जानकारी

स्टेशन परिसर में प्रवेश करते समय प्रवेश व निकास द्वार, 10.50 मीटर चौड़ी पहुंच सड़क, जिसके दोनों ओर 3.75 मीटर चौड़े पैदल यात्री हैं, सौंदर्यपूर्ण गेट, उच्चतम प्रकाश, भूदृश्य और लौह मूर्तिकला और सेल्फी पॉइंट के साथ घूमने वाला क्षेत्र, प्रवेश द्वार 11 मीटर X 5 मीटर, जिसमें रैंप और सीढ़ियाँ हैं ताकि कॉनकोर्स में प्रवेश करना आसान हो, दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पक्की सतह और प्रकाश के साथ अलग पार्किंग सुविधा,भविष्य के वाणिज्यिक उपयोग के लिए पहचाना गया क्षेत्र, दिव्यांगजनों के लिए पार्किंग सुविधा और डबल रेल हैंड ग्रिप के साथ प्रवेश/निकास रैंप, पीली पट्टियों के साथ 9 स्टैटिअर एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था किया गया।

# डवरखार उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य एक साल से अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सरोना



ग्राम पंचायत डंवरखार में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। वर्षों से ग्रामीण एक सुसज्जित उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग कर रहे थे। लेकिन जब भवन निर्माण की शुरुआत हुई, तो कुछ उम्मीदें जगी, परंतु अब वह आशा अधूरी प्रतीत हो रही है, क्योंकि यह निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। भाजपा नेता बैराग शोरी और ग्रामवासियों ने इस मुद्दे को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उनका कहना है कि भवन का निर्माण किस निधि से हो रहा है, इसकी स्पष्ट जानकारी न तो पंचायत सचिव के पास है और न ही सरपंच के पास। इस परियोजना से संबंधित कोई सूचना सार्वजनिक रूप से साझा नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि न तो निर्माण स्थल पर कोई सूचना पटल लगाया गया है और न ही विभागीय अधिकारियों की ओर से इस विषय पर कोई स्पष्ट जवाब नही दिया जा रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं, क्योंकि अधूरे भवन में अब टूट-फूट के लक्षण भी दिखाई देने लगे हैं। कार्य में लापरवाही का मामला सामने आ रहा है और पारदर्शिता की कमी है। सरकार के पैसे से कोई निर्माण हो रहा हो, तो उसकी हर जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। यहां तो किसी को यह भी नहीं पता कि यह भवन किस योजना के तहत बन रहा है। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच करवाने की मांग किया है। उनका कहना है कि जब स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा के लिए भवन का निर्माण हो रहा है, तो उसमें पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए। अधूरा निर्माण कार्य न केवल पैसे की बर्बादी है, बल्कि यह जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ भी है।

### प्रधान अध्यापक के निधन पर दी गई अनुग्रह राशि



**कांकेर।** शहर कांकेर के अन्नपूर्णापारा निवासी चंद्रप्रकाश रवानी प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला पुसावंड में पदस्थ थे। उनका आकस्मिक निधन मंगलवार 20 मई को होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी केजूराम सिन्हा द्वारा प्रधान अध्यापक के निवास स्थान अन्नपूर्णापारा कांकेर पहुंचकर परिवारजनों से मुलाकात कर उनकी धर्मपत्नी गीता चंद्रप्रकाश रवानी को निधन के 24 घंटे के अंतर्गत अनुग्रह राशि के तौर पर 50 हजार रूपए प्रदान किए गए। इस अवसर पर बीआरसी देवकरण भास्कर, सीएसी दिलीप साहू सहित परिवारजन उपस्थित रहे।

# समर कैम्प का हुआ समापन प्रतिभागियों की निखरी कला



हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल में 1 मई से चल रहे क्रिएटिव समर कैंप का समापन 20 मई को किया गया। समापन समारोह में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजीवलोचन सिंह, पूर्व पार्षद अजय पप्पू मोटवानी, भूतपूर्व सैनिक टेश्वर जैन की उपस्थिति में हुआ। प्रतिभागी छात्र एवं पालक तथा शिक्षकों की उपस्थिति में माता सरस्वती की पूजा अर्चना एवं समर कैंप के प्रतिभागियों द्वारा गाए सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। अतिथियों के स्वागत गीत के पश्चात योग मंत्र पर आधारित गीत पर प्रतिभागियों के द्वारा योगा प्रस्तुत किया गया, जिससे समर कैम्प मे सीखें योग के विभिन्न आसनो को गीत के साथ प्रस्तुत किया गया। समर कैम्प में सीखे स्पोकन इग्लिश को बच्चों ने अंग्रेजी में बातचीत करने की कला को प्रस्तुत किया। समर कैम्प डांस के प्रतिभागी दिशा साव, यशस्वी पोरते, देवांशी यादव, नेहल नेमाम, आव्या मिश्रा, पायल पटेल, तौम्याश्री साहू ने इस कार्यक्रम में समर क्लास मे सीखे नृत्य का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया।

इस समर कैम्प में शिक्षक निशा जायसवाल के द्वारा कैनवा डिजाइन की भी प्रशिक्षण दी गई, जिसमे बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड बनाने की कला सीखी। इस समर कैम्प मे संगीत एवं वाद्य यंत्र बजाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें, मुकुंद नाविक, वैभवी मिनपाल, अनुभव कौशिक, दीक्षांत साहू, वेधान्त सहरे, रूद्रांश प्रजापति, अवनिष सिंह, शिवांग यादव, मो. शेख दबीर। प्रतिभागियों ने निपूर्णता पूर्वक संगीत वाद्य यंत्र बजाकर व कार्यक्रम में संगीत दिया। प्रार्थना, गीत, स्वागत गीत, प्रेरणा गीत आदि गीतों को मधुर स्वर में गाते हुए वाद्य यंत्रों का संचालन भी किया। इस प्रशिक्षण में मृणाल पाण्डे द्वारा गायन एवं वाद्य यंत्रों को बजाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। योगा, जुम्बा एवं एरोबिक्स डांस हेमांशी नेताम, एंजल साहसी, रूद्र शर्मा, भव्य शर्मा, देवांशी यादव के समर कैम्प में रामेश्वरी साहू, यमुना बिलोधिया एवं संतोष कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। समर कैम्प में माईक्रो मैथ्स के बारे तीरथ साहू एवं सुकदेव सरकार के द्वारा सिखाया गया।

जूनियर ग्रुप से डांस श्लोक शोरी, दंक्ष साहू, हार्दिक प्रजापति, अक्षत साहू, मान्यता कश्यप, हुनैन खान, रेयांश वानखेड़े, रूद्रप्रताप साहू, गरिमा वाल्दे, भावेश नेताम, आयुषी मधु, परिता टैगोर, देवांशी यादव, तमन्न यादव ने बहुत ही सुन्दर आत्मविश्वास के साथ डांस प्रस्तुत किये। समर क्लास में सीखे आर्टस एण्ड क्राफ्ट छात्र-छात्राओं ने सभी के बीच बनाकर दिखाये। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया।

# डिलिवरी बाय का पार्सल और नकदी लूटने वाले लुटेरों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

- लूट की सामग्री बरामद
- तीन आरोपी भेजे गए जेल

भानुप्रतापपुर क्षेत्र में ग्राहकों को ऑनलादन पार्सल का डिलिवरी करने गए डिलिवरी बॉय के साथ ग्राम मरदेल के युवकों ने मारपीट करते हुए सामग्री और चार हजार रुपए नकद को लूट लिया था। शिकायतकर्ता ने 20 मई को अपराध दर्ज कराया। पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

भानुप्रतापपुर थाना में 20 मई को शिकायत करने पहुंचे दुर्गूकोंदल थानांतर्गत सुखई निवासी 20 वर्षीय मनोहर मतलाम ने पुलिस को बताया कि प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की शाखा भानुप्रतापपुर भुस्की में डिलीवरी बॉय के पद पर कार्यरत हूँ। 20 मई को आफिस से 37 नग ऑनलाईन पार्सल को नीला रंग के ई कार्ड बैग में रखकर डिलिवरी करने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएम 7787 से पार्सल डिलिवरी के लिए भानबेडा भोड़यि की ओर गया हुआ था। 18 ऑनलाइन पार्सल को संबंधित ग्राहकों को डिलिवर किया। उसके बाद दोपहर करीबन 2 से 2.30 बजे के आसपास मरदेल निवासी हरेश कुमार उईके को उसके आनलाइन पार्सल की डिलीवरी करने उनके मोबाइल नंबर पर फोन किया। उसके बाद हरेश उईके काल रिसीव नहीं किया। कुछ देर के बाद हरेश कुमार मुझे अपने मोबाईल फोन से ई कार्ट कंपनी के नंबर पर फोन किया तो मैंने कहा कि आपका पार्सल है, आपका पार्सल आपके पते पर पहुंचाना है या लेने आ रहे हो। आपका पार्सल गलत रूट में आ गया है। तब मेरे द्वारा बोला गया कि उस रूट का पार्सल कल दे दूंगा बोलने पर वह बोला कि कल रायगढ़ जाऊंगा आप कहां हो मैं ही आ जाता हूं। तब भानबेड़ा और बोदेली के बीच रास्ते में खड़ा था। उसी समय हरेश कुमार उईके अपने 3 साथियों के साथ ग्लेमर मोटर सायकल से आकर मेरा पार्सल दे दो बोलते हुए आपको रूट का पता नहीं है,गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया।

आरोपियों ने हाथ मुक्का से मारपीट किया और मेरे डिलिवरी बैग में रखे ऑनलाइन पार्सल जिसकी कीमत कुल 34 हजार 896 रुपए एवं मेरे सामने में रखे साइड बैग में रखे नगदी रकम 4 हजार रूपएं कुल 38 हजार 896 रूपएं को लूट कर भाग गए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हरेश कुमार उईके व अन्य तीन लोगो के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 309 (4), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था।

### पकड़े गए आरोपी



उच्चाधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने टीम गठित कर आरोपियों की पता तलाश किया गया। आरोपियों द्वारा पुलिस को देखकर लूक छुपकर भागने का प्रयास किया जा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी किया और आरोपियों को 24 घंटे के अंदर पकड़ कर पूछताछ किया। आरोपियों मर्देल निवासी 28 वर्षीय हरेश कुमार उईके पिता मेघनाथ उईके, बिचपारा मर्देद निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार उईके पिता मेघनाथ उईके, बिचपारा मर्देल निवासी लिलेश कुमार उईके पिता स्व. हलाल राम उईके और मर्देल निवासी 23 वर्षीय महेंद्र कुमार कावड़े पिता लक्ष्मण सिंह द्वारा डिलीवरी बॉय से लूट करना स्वीकार करने पर 21 मई को गिरफ्तार किया गया व न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## बच्चों को स्कूल आने-जाने में नहीं होगी परेशानी, शैक्षणिक गुणवत्ता में भी होगा सुधार

# शिक्षा में गुणवत्ता लाने शासन की युक्तियुक्तकरण नीति मील का पत्थर, दूर होगी शिक्षकों की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा से जोड़ने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। फलस्वरूप शिक्षा की क्षेत्र में गुणवत्ता लाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप शालाओं में शिक्षकों की उपलब्धता बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में किया जाना है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा शालाओं तथा वहां पदस्थ शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। जिले में दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में स्थित स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता लाने शासन की युक्तियुक्तकरण की नीति मील का पत्थर साबित होगी। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप विभिन्न स्थानों में एक ही परिसर में अथवा निकट में दो या दो से अधिक शालाएं संचालित हैं। ऐसी शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। साथ ही अतिशेष शिक्षकों का शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में युक्तियुक्तकरण कर पदस्थापना की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप जिला उत्तर बस्तर कांकेर में भौगोलिक दृष्टिकोण से जहां आवश्यकता महसूस हो रही हो उन विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत समायोजन की कार्यवाही की जा रही है। समायोजन में ग्रामीण अंचल के दूरस्थ दुर्गम क्षेत्र में संचालित विद्यालयों को विशेष रूप से दृष्टिगत रखते हुए युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, जिसके लिए जिला समिति के अध्यक्ष कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर का विवेकाधिकार होगा कि वे ऐसे विद्यालयों का स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए युक्तियुक्तकरण पर विचार कर सकेंगे। अतिशेष शिक्षकों का शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसे स्कूल जहां एक ही परिसर में संचालित विद्यालयों का बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता की दृष्टि से सुधार हो ताकि छात्रों को विद्यालय आने जाने में किसी प्रकार का कोई असुविधा उत्पन्न न हो सके। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक शाला-29, एक ही परिसर में संचालित दो यो दो अधिक माध्यमिक शाला-03, एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला- 353, एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल- 40, एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी- 25, एक ही परिसर में संचालित पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल विद्यालय-17, एक ही परिसर में संचालित पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय-50, एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक एवं हाईस्कूल-04, एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय-01 इस प्रकार कुल 522 समायोजित विद्यालय हैं तथा शाला समायोजित होने के फलस्वरूप अतिशेष शिक्षकों का शिक्षकविहीन तथा एकल शिक्षकीय शालाओं में काउंसिलिंग के माध्यम से समायोजन किया जाएगा, जिससे जिले में वर्तमान में 04 शिक्षकविहीन तथा 290 एकल शिक्षकीय शालाओं में कम से कम 02 शिक्षक की पूर्ति हो जाएगी। इसी प्रकार माध्यमिक, हाईस्कूल तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विषयवार शिक्षक की पूर्ति होगी।

### एक किमी से कम या दर्ज संख्या 10 से कम तो होगा युक्तियुक्तकरण

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल शिक्षा संचालनालय छत्तीसढ़ शासन से युक्तियुक्तकरण हेतु जारी निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे विद्यालय जिनकी दूरी 1 किलोमीटर से कम है या दर्ज संख्या 10 से कम है, का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इसी तरह शहरी क्षेत्र में 500 मीटर से कम दूरी तथा दर्ज संख्या 30 से कम वाली शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं दूरस्थ वनांचल के विद्यालयों के युक्तियुक्तकरण पर विचार कलेक्टर के विवेकाधिकार से होगा। इसी प्रकार अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण हेतु मापदण्ड निर्धारित किया गया है, जिसके अनुसार प्राथमिक शालाओं में 60 की दर्ज संख्या पर 1 प्रधानपाठक तथा 1 शिक्षक का अनुपात रहेगा। इससे अधिक संख्या में पदस्थ शिक्षक अतिशेष की श्रेणी में आएंगे। इसी तरह पूर्व माध्यमिक शालाओं में 105 की दर्ज संख्या पर 1 प्रधानपाठक और 03 शिक्षक का अनुपात होगा। शाला में कार्यभार ग्रहण दिनांक के आधार पर कनिष्ठ सहायक शिक्षक को अतिशेष की श्रेणी में माना जाएगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन के शुभारंभ में आज शामिल होंगे उप मुख्यमंत्री

**कांकेर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरूण साव गुरुवार 22 मई को जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप मुख्यमंत्री रायपुर स्थित निवास से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 9.30 बजे भानुप्रतापपुर पहुंचेंगे जहां पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों एवं अन्य परियोजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में दोपहर 03 बजे आयोजित कार्यशाला रजिस्ट्री में 10 क्रांतियां में उपस्थित रहेंगे। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री रायपुर स्थित निवास के लिए सायं 04 बजे प्रस्थान करेंगे।

